केरल हिन्दी प्रचार सभा, तिरुवनन्तपुरम

अगस्त 2011

# हिन्दी प्रवेश परीक्षा

## (ഹിന്ദി (പ്രവേശ് പരീക്ഷ)

## प्रश्नपत्र 3 (പത്ര സംഖ്യ 3)

समय : 3 घंटे) (पूर्णांक : 100

I किन्हीं दो पर पन्द्रह-पन्द्रह वाक्य लिखिएः- 20

अ) परिश्रम का महत्व

आ) भारत के नवनिर्माण में युवकों का योगदान

इ) नागरिक के कर्तव्य और अधिकार

ई) बेकारी की समस्या

II विदेश में रहनेवाले पिताजी को घर के समाचारों का विवरण देते हुए पत्र लिखिए। 10

अथवा

प्रदूषण के संबन्ध में 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के संपादक को पत्र लिखिए।

III निम्नलिखित अवतरण का सारांश लिखिएः- 5

आधुनिक युग में व्यापारी के हाथ में विज्ञापन एक शक्तिशाली हथियार है, जिसकी सहायता से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भी खलबली मचायी जा सकती है और परिवर्तन किया जा सकता है। विज्ञापन की सहायता से शीघ्रता और सुविधापूर्वक बडे से बड़े क्षेत्र में ग्राहकों को अपनी वस्तुएँ क्रय करने केलिए आमन्त्रित किया जा सकता है। भारत में अशिक्षित नारियों की ज़बान पर भी जापान की सुइयों व खिलौनों के बढ़े-चढ़े प्रचार के कारण जापान का नाम रहता है। विज्ञापन की शक्ति अपार एवं अनन्त हैं।

Prawesh — III

IV किन्हीं तीन मुहावरों का अर्थ हिन्दी में लिख कर अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए:- 6

1. आँखें चार होना
2. ईद का चाँद होना
3. चल बसना
4. फूला न समाना
5. वचन देना

V किसी एक लोकोक्ति का अर्थ चार या पाँच वाक्यों में स्पष्ट कीजिए:- 5

1. अन्धों में काना राजा
2. कहने से करना भला
3. दूध का दूध पानी का पानी

VI सूचना के अनुसार बदल कर लिखिए:-

1. वे काम करेंगे। **(सामान्य भविष्यत् काल में)** 1
2. विद्यार्थी पुस्तकालय जाता है। **(तात्कालिक वर्तमानकाल में)** 1
3. आप को दिल्ली जाना होगा।
   **(विवशता बोधक 'पड' का पयोग करके)** 1
4. वे सच बोले। किसी ने नहीं माना।
   **('यद्यपि....तथापि' का प्रयोग करके)** 1
5. माता खाना पकाती हैं। **('लग' का प्रयोग करके)** 1
6. लड़का आम खाता है। **(कर्म वाच्य में)** 1
7. तुमको उसकी सहायता करनी होगी। **('चाहिए' का प्रयोग करके)** 1
8. हम हिन्दी बोलते हैं। **('सक' का प्रयोग करके)** 1
9. सभा में सब लोग आये। **('चुक' का प्रयोग करके)** 1
10. दो दिन से पिताजी बीमार हैं। 1
    **('बीमार' के बदले 'बीमारी' का प्रयोग करके)**

Pravesh - III

11 उसने अच्छी तरह नहीं पढ़ा। परीक्षा में विजयी न हुआ।
**('अगर....तो' का प्रयोग करके)** 1

12. बच्चा दूध पीता है। **(नित्यताबोधक क्रिया में)** 1

VII **शुद्ध कीजिए:-** 4

1. उसको काम कर सकता है।
2. पिता ने पुस्तक लाया।
3. उसको दो भाई हैं।
4. मज़दूर ने काम कर चुका।

VIII **भूतकाल किसे कहते हैं? उसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहति समझाइए।** 10

अथवा

**सन्धि और समास का अंतर समझाइए।** 10

IX **मातृभाषा में अनुवाद कीजिए:-** 10

जीवन में अनुशासन की बड़ी आवश्यकता है। भारत में अनुशासन को बड़ी महत्ता प्रदान की गयी थी। ब्रह्मचर्याश्रम के अभ्यास का काल नियत किया गया था और इस समय जो नींव पड जाती थी उसी पर चरित्र रूपी भवन का निर्माण होता था। किन्तु बड़े खेद के साथ यह स्वीकार करना पडता है कि भारतीय शिक्षा संस्थाओं में अनुशासन की बड़ी कमी हो गयी है। उसका परिणाम यह हुआ है कि शिक्षा का आदर्श भी नीचा हो गया है। अनुशासन का अभ्यास बचपन से ही आरंभ होना चाहिए क्योंकि यदि एक बार मनमानी करने की आदत पड़ गयी तो इसे छुड़ाना कठिन हो जाएगा। ऐसा व्यक्ति समाज केलिए व्यर्थ सिद्ध होगा। सच्ची बात तो यह है कि अनुशासन ही चरित्र की आधारशिला है।

X **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:-** 18

വായനാശീലം മനസ്സിന്റെ വികാസത്തിനും ലോകത്തെക്കുറിച്ചു മനസിലാക്കുന്നതിനും കുട്ടികളെ പ്രാപ്തരാക്കുന്നു. കുട്ടിക്കാലം മുതൽക്കേ നല്ല വായനാശീലം കുട്ടികളിൽ വളർത്തിയെടുക്കാൻ മാതാപിതാക്കൾ ശ്രദ്ധിക്കേണ്ടതാണ്. കുട്ടികൾ വായിച്ച പുസ്തകങ്ങളെക്കുറിച്ച്

Pravesh - II

ചർച്ച ചെയ്യുവാനും മാതാപിതാക്കൾ സമയം കണ്ടെത്തണം. ഒരു നല്ല എഴുത്തുകാരനെ തെരഞ്ഞെടുക്കുന്നത് ഒരു നല്ല കൂട്ടുകാരനെ തെരഞ്ഞെടുക്കുന്നതിനു തുല്യമാണ്. ഏതു ഭാഷയിലും കൂടുതൽ പരിജ്ഞാനം നേടാൻ വായനയാണ് നല്ല മാർഗ്ഗം എന്ന് കുട്ടികൾക്ക് മനസ്സിലാക്കിക്കൊടുക്കണം.

Reading habit enables children's mental development and understanding of world. Parents should pay attention to cultivate good reading habits among children from the very childhood itself. Parents should also findout time to discuss with their children about the books they have read. To select a good writer is equal to select a good friend. Make the children understand that reading is the best way to acquire more knowledge in any language.

புத்தகங்களைப் படிப்பதால் குழந்தைகளின் மனமும் உலகத்தைப்பற்றிய அறிவும் வளர்கிறது. குழந்தைப் பருவத்திலிருந்தே நல்ல புத்தகங்ளைப் படிக்கும் பழக்கத்தைக்குழந்தைகளில் ஏற்படுத்த தாய் தந்தையர் கவனிக்கவேண்டும். குழந்தைகள் படித்த புத்தகங்களைப் பற்றி அவர்களிடம் கலந்துரையாடல் செய்ய தாய் தந்தையர் நேரம் காணவேண்டும். ஒரு நல்ல எழுத்தாளனைக் கண்டு பிடிப்பது ஒரு நல்ல நண்பனைக் கண்டுபிடிப்பதைப்போல. எந்த மொழியிலும் கூடுதல் அறிவைத் தேடுவதற்கு மிகவும் நல்ல வழி புத்தகங்களைப் படிப்பது தான் என்று குழந்தைகளுக்குச் சொல்லிக் கொடுக்க வேண்டும்.

Praveen - III

केरल हिन्दी प्रचार सभा, तिरुवनन्तपुरम

अगस्त 2011

# हिन्दी प्रवेश परीक्षा

## (ഹിന്ദി പ്രവേശ് പരീക്ഷ)

### प्रश्नपत्र 2 (പത്ര സംഖ്യ 2)

समय : 3 घंटे) (पूर्णांक : 100

I किन्हीं चार उद्धरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः- 28

(क) कथनी थोथी जगत में, करनी उत्तम सार।
कह कबीर करनी करै, उतरै भवजल पार।।

(ख) मैया, मोहिं दाऊ बहुत खिझायो।
मों सों कहत मोल को लीनो, तू जसुमति कब जायो?
कहा कहौं यहि रिस के मारे, खेलन हौं नहिं जात।
पुनि पुनि कहत, कौन है माता, को है तुम्हरो तात?
गोरे नन्द, जसोदा गोरी, तुम कत श्याम सरीर?
चुटकी दै-दै हँसत ग्वाल सब, सिखै देत बलवीर।।

(ग) राम भरोसो, राम बल, राम नाम विश्वास।
सुमिरन सुभ मंगल कुसल, मांगत तुलसी दास।।

(घ) मुझे तोड़ लेना वनमाली! उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक।

(ङ) पाया बचपन मैंने फिर से बचपन बेटी बन आया।
उसकी मंजुल मूर्ति देखकर मुझमें नव जीवन आया।।

(च) तुम रजनी के चाँद बनोगे
या दिन का मार्तण्ड प्रखर?
एक बात है मुझे पूछनी
फूल बनोगे या पत्थर?

Pravesh – II

II किन्हीं तीन उद्धरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:- 18

(अ) हम दोनों नर-मादा हो सकते हैं। लेकिन काल और वायु के बन्धन से मुक्त नहीं हैं। हमें एक दूसरे की ज़रूरत है।

(आ) "ठहरो, तुम कहीं नहीं जा सकती। क्रान्ति मैं ने भी की है। लेकिन क्रान्ति का अर्थ यह नहीं कि कुल, समाज और धर्म की लाज को घोल कर पी लिया जाए।

(इ) मैं अपने पथ से पीछे नहीं हटूँगी। मैं बालिग हूँ। अपना भविष्य बनाने का मुझे अधिकार है।

(ई) आज नारी स्वतंत्र है, लेकिन इस स्वतंत्रता का यह अर्थ नहीं है कि वह हरजाई हो जाए।

(उ) हम किसी को चलने से कैसे रोक सकते हैं। हम तो केवल तुम्हारी भलाई केलिए कहते हैं।

III किसी एक कविता का सारांश लिखिए:- 15

1) मैं नहीं चाहता चिर सुख 2) भिक्षुक 3) हिमालय

IV किन्हीं दो के चरित्र-चित्रण पन्द्रह-पन्द्रह वाक्यों में कीजिए:- 24

1) कल्याण सिंह 2) शारदा 3) प्रदीप

V किसी एक का उत्तर बीस वाक्यों में लिखिए:- 15

1) 'युगे युगे क्रान्ति' नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

2) 'युगे युगे क्रान्ति' नाटक में नाटककार ने किन-किन समस्याओं का चित्रण किया है? स्पष्ट कीजिए।

Praveen II